तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर




06 महानवमी पर कालीबाड़ी में की पूजा-अर्चना कर भक्तों को बांटी प्रसादी











### दुर्ग जिले की सबसे बड़ी पॉश कॉलोनी पड़ी विवादों में

# स्मृति गृह निर्माण सोसायटी को टेकओवर करेगा निगम, करोड़ों रुपए के जलकर की होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले की सबसे बड़ी और पॉश हाउसिंग सोसायटी स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित जुनवानी भिलाई को नगर पालिक निगम ने अपने अधिकार क्षेत्र में लेने का आदेश जारी किया है। अब इस सोसायटी में कोई भी खरीदी बिक्री या अन्य कार्य निगम की अनुमति के बिना नहीं होगा। साथ ही निगम सोसायटी से करोड़ों रुपए का बकाया जलकर भी वसूल करेगा।

निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने इस संबंध में 26 सितंबर 2025 को 15 पन्नो का आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक गृह निर्माण सोसायटी के सभी अधिकार भिलाई निगम अंतर्गत जोन 1 के आयुक्त अजय सिंह को टेकओवर करने के आदेश दिए गए हैं। उन्हीं के द्वारा सोसायटी में जितनी भी खरीदी बिक्री या अन्य कार्य होंगे उसकी एनओसी जारी की जाएगी। निगम आयुक्त ने अपने आदेश में सोसायटी के खिलाफ कई अनियमितताओं का जिक्र किया है और उसी के आधार पर यह आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश में निगम आयुक्त ने लिखा है कि 27 जुलाई 2019 को जारी नोटिस और 15 मई 2019 को जारी आम सूचना के बाद भी स्मृति गृह निर्माण समिति ने समाधान परक जवाब नहीं दिया है। इसलिए अब सोसायटी के द्वारा जो भी भूखंड की खरीदी बिक्री की जाएगी उसके लिए निगम के अधिकृत अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। इसके साथ ही उन्होंने सोसायटी के सभी खसरों और कालोनी का प्रबंधन निगम के पक्ष में लेने का आदेश देते हुए जोन 1 के आयुक्त को आदेशित किया है।



#### 1 करोड़ से अधिक का जल कर है बकाया

स्मृति गृह निर्माण सोसायटी के द्वारा साल 2011 से निगम को कोई जल कर नहीं दिया जा रहा था। निगम ने सोसायटी को टेकओवर करने के साथ ही अब तक का बकाया 1 करोड़ रुपए से अधिक का जल कर भी सोसायटी से वसूल करेगा।

#### कलेक्टर की कमेटी करेगी ईडब्ल्यूएस भूखंड की जांच

निगम आयुक्त के आदेश में यह आरोप लगाया गया है कि स्मृति गृह निर्माण सोसायटी ने 1980 में निर्माण के बाद कई कालोनाइजर एक्ट का पालन नहीं किया है। उन्होंने तय समय में ना तो कोलनी का डेवलपमेंट किया और ना ही निर्धारित मानक पर ईडब्ल्यूएस के लिए भूखंड छोड़ा है। निगम के अधिकारी ने बताया कि इसके लिए कलेक्टर दुर्ग द्वारा एक जांच टीम गठित की गई है। टीम इसकी जांच करेगी।

#### निगम आयुक्त के आदेश का हो रहा पालन



निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने स्मृति गृह निर्माण सोसायटी को टेकओवर करने का आदेश जारी किया है। उनके आदेश का पालन मेरे द्वारा किया जा रहा है।

**- अजय सिंह राजपूत**
आयुक्त, जोन 1, नगर पालिक निगम भिलाई

#### सोसायटी टेकओवर करने का अधिकार निगम को नहीं



ऐसा कोई भी आदेश मुझे अब तक नहीं मिला है। मेरी जानकारी के अनुसार कॉपरेटिव एक्ट की धारा 53 केवल उप पंजियक कॉपरेटिव सोसायटी को ही अधिकार देता है कि वो सोसायटी को टेकओवर करके दूसरे को दे सकता है। इसके अलावा कोई भी किसी कॉपरेटिव सोसायटी को टेकओवर नहीं कर सकता है। निगम को ये अधिकार है ही नहीं। उसके द्वारा बिना संस्था का पक्ष जाने एक पक्षीय कार्रवाई की जा रही है। ये निर्णय किसी राजनीतिक दबाव में लिया जा रहा है।

**- राजीव चौबे,** अध्यक्ष स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था, भिलाई

## 3 एएसपी और 10 डीएसपी की निगरानी में 98 जगहों पर होगा रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए तालाब और शिवनाथ नदी में एसडीआरएफ और गोताखोरों को किया तैनात

विजय दशमी पर्व जिले में 98 स्थानों पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दशहरा पर्व और मूर्ति विसर्जन के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस बल 600 लगाया गया है। तीन एएसपी, 10 डीएसपी दशहरा कार्यक्रम के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

दुर्ग अनुविभाग में बैगापारा, मिनी स्टेडियम, रविशंकर स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, पद्मनाभपुर, भिलाई नगर अनुविभाग में शाही दशहरा भिलाई होटल के सामने, सेक्टर-7 हाई स्कूल मैदान, सेक्टर-7 मार्केट के सामने, सेक्टर-02, दशहरा मैदान रिसाली, शांति नगर मैदान, छावनी अनुविभाग में बैकुण्ठथाम मंदिर, हाउसिंग बोर्ड जामुल, श्रीराम चौक खुर्सीपार मैदान, मंगल भवन प्रांगण न्यू खुर्सीपार, राजीव पारा बिजली कालोनी, पु. भिलाई, चरोदा रावण भाठा रेलवे कॉलोनी, महामाया मंदिर परिसर मैदान कुम्हारी एवं पाटन अनुविभाग में दशहरा मैदान अखराभाठा, कुथरेल, धमथा अनुविभाग में नंदिनी टाउनशीप मार्केट काजेल ग्राउण्ड, बाजार मैदान धमधा कुल 21 स्थलों पर बड़े दशहरा कार्यक्रम का आयोजन है। अतिरिक्त जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 77 स्थलों पर दशहरा

कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दुर्गोत्सव समितियों द्वारा मूर्ति विसर्जन करना शुरू हो गया है। जिसमें पुलिस व्यवस्था की गई है। एसडीआरएफ की टीम, तालाबों, नदी में स्थानीय गोताखोर भी तैनात किए गए हैं। पुलिस समिति एवं आम नागरिकों से अपील करती है कि दशहरा उत्सव शांति एवं सौहार्दपूर्वक मनाएं। कार्यक्रम समय पर समाप्त किया जाए। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग के लिए उच्च न्यायालय एवं राज्य सरकार व्दारा दिए गए निर्देशों का पालन करें।

## खबर संक्षेप

### दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए एचटीसी अगले 3 दिन देगा निशुल्क गाड़ी



**भिलाई।** हर साल की तरह इस बार भी भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (एचटीसी) ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निशुल्क गाड़ियां उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। जिले के किसी भी हिस्से की दुर्गा समिति इसके लिए एचटीसी से संपर्क कर सकती है। अध्यक्ष इंदरजीत सिंह छोटू ने मां दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के लिए निशुल्क ट्रेलर गाड़ी देने का निर्णय लिया है। दुर्ग भिलाई सहित जिले में जिन पंडाल संचालकों को विसर्जन के लिए गाड़ी की आवश्यकता है, वे खुर्सीपार गेट पर एसटीसी के अधिकृत कर्मचारी से बात करके गाड़ी ले सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल नंबर 9755033440 पर भी संपर्क सकते हैं।

### म्यूल खाता चलाने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** म्यूल खाता में अवैध रुप से ठगी के रुपए का उपयोग करने पर अपराध कायम किया गया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से म्यूल एकाउंट के नंबर की जानकारी मिली। उत्कर्ष स्माल फायनेंस बैंक शाखा सुपेला का बैक खाता धारक सडक 13 कान्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी बब्बु अली के द्वारा खाता खुलवाया। उक्त खाता को ऑनलाइन ठगी की रकम प्राप्त कर अवैध धनलाभ अर्जित करने का प्रयोग किया। खाता में 3 लाख 85 हजार 231 रुपए आया। दूसरी घटना बैंक ऑफ इंडिया सुपेला का है। जहां मो. गुलफाम कुरैशी खाता खुलवाकर उसमें 44 हजार 250 रुपए प्राप्त किया।

## तेरह साल लिव इन रिलेशन में रहने के बाद महिला के बेटों ने कर दी हत्या, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- नंदिनी थाना क्षेत्र की घटना, दूसरी महिला से संबंध को लेकर था विवाद

लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले व्यक्ति की फावड़े से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया है। नंदिनी प्रभारी पारस नाथ ठाकुर ने बताया कि वार्ड 3 अहिवारा निवासी एक महिला के साथ वार्ड 32 बैकुंठधाम का रहने वाला बलविंदर उर्फ बंटी लंबे समय से लिव इन रिलेशनशिप था। मंगलवार देर रात महिला के दो बेटे त्रिलोचन कोसरे, भूपेश कोसरे आक्रोशित होकर घर में रखे फावडे से ताबडतोड़ वार कर बलविंदर को मौत के घात उतार दिया। खबर लगने पर पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। महिला पति से अलग होकर बलविंदर के साथ लिव इन रिलेशनीप में थी। बलविंदर के दूसरी महिला से करीबी को लेकर संदेह भी गहराता जा रहा था। जिसे लेकर बार-बार विवाद की स्थिति बनती जा रही थी। बलविंदर मिलने के लिए महिला के घर ही आता था। जिसे लेकर दोनों बेटों को आपत्ति थी। मंगलवार को भी बलविंदर महिला से मिलने गया था, दोनों बेटे आक्रोशित होकर बलविंदर पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि बलविंदर का 13 साल से महिला के साथ लिव इन रिलेशन था। फिलहाल जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

हत्या की सूचना मिलने पर नंदिनी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने महिला के दोनों बेटों को हिरासत में लिया था। पूछताछ करने पर आरोपियों ने पुलिस को बताया कि त्रिलोचन फावड़ा और भूपेश डंडे से वार कर बलविंदर को मौत की नींद सुला दिया। पुलिस ने फावडा कौ भी जब्त किया है।



#### घरेलू विवाद रही हत्या की मुख्य वजह

पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि मृतक के साथ लिव इन रिलेशन में रहने वाली महिला के दोनों बेटे उसे सौतेला पिता तक नहीं माना करते थे। इसी को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी। मृतक महिला के साथ मारपीट भी किया करता था। महिला अपने पति से अलग होकर मृतक के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहना और बलविंदर पर चरित्र को लेकर संदेह लगातार बढ़ता जा रहा था। हत्या का कारण भी असली वजह यही बना।मृतक की पहली पहली पत्नी सरकारी नौकरी पर है। उसके तीन-चार बच्चे भी है।
















# सत्य की असत्य पर और धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक

# विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं

**SHRI KHATU SHYAM JYOTISH**




**जन्मकुण्डली विशेषज्ञ**

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना


जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**जन्म पत्रिका बनाई जाती है**

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

विजयादशमी पर्व की भिलाई-दुर्ग वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



हरिन्दर यादव
ट्रांसपोर्टर व समाजसेवी

काली यादव
समाजसेवी

**मनोज रोड लाईन**
38/10, ट्रांसपोर्ट नगर, हथखोज इंडस्ट्रियल एरिया, भिलाई



विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। यह दिन हमें धर्म, साहस और सत्य के मार्ग पर दृढ़ रहने की प्रेरणा देता है।

**विजयादशमी पर्व**
की भिलाई वासियों को
हार्दिक बधाई एवं
**शुभकामनाएं...**



**रतन दासगुप्ता**
अध्यक्ष
BSP एंसीलरी इंडस्ट्री एसोसिएशन



विजयादशमी सत्य की असत्य पर
और धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक है।
यह पर्व हमें साहस, सत्य और
न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

**सभी भिलाई-दुर्ग वासियों को**
**विजयादशमी पर्व**
की हार्दिक बधाई एवं
**शुभकामनाएं...**



**अजीत वैद्य**
पार्षद
वार्ड नंबर 12 मोहन नगर पश्चिम,
दुर्ग छत्तीसगढ़

05

शिक्षा से शक्ति और शक्ति से समाज, इसलिए बेटी पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ, हवन-पूजन के साथ ज्योत जंवारा का विसर्जन

लाइव इवेंट

## माता के स्वरूपों की नवरात्र के अंतिम दिन की गई पूजा


भिलाई। श्रद्धा दुर्गा उत्सव समिति आदर्श नगर कैम्प 1 में महाआरती हर साल धूमधाम से की जाती है। स्थापित माता प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है।


**भिलाई।** बोरा लाइन सुपेला में मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित।


**अंडा।** नव युवक दुर्गा उत्सव समिति जंजगिरी डबरा पारा।


**अंडा।** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति जंजगिरी डपरा पारा।


**उतई।** श्री सिद्धि विनायक दुर्गा उत्सव समिति इंदिरा नगर उतई।

दशहरा मैदान रिसाली में साहू परिवार तीन पीढ़ियों से बना रहा रावण के पुतले

# भिलाई के आदमकद दशाननों की प्रदेशभर में धूम, दशहरा मैदान रिसाली में 80 से ज्यादा रावण के पुतले किए तैयार

**असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी की कल गुरुवार को पूरे देश में धूम रहेगी। अत्याचार के प्रतीक रावण का जगह जगह दहन किया जाएगा। इस्पात नगरी भिलाई में लोहा ही नहीं बनता बल्कि अहंकार के पर्याय दशानन भी तैयार किए जाते हैं। कलाकार साहू ऐसे अनूठे कलाकार हैं, जिनके बनाए गए रावण के आदमकद और आकर्षक पुतले न सिर्फ भिलाई बल्कि प्रदेश के कई शहरों व गांवों में दशहरे का आकर्षण होते हैं। इस साल भी उनकी टीम के द्वारा तैयार करीब सौ रावण के पुतले विभिन्न शहरों के लिए तैयार किए जा रहे हैं।**

**विमलशंकर झा/ भिलाई।** दुर्ग के करीब ग्राम कुथरेल यूं तो अपनी सौंधी खटास और देशी रंगत वाले टमाटरों के लिए जाना जाता है लेकिन इस गांव की पहचान राज्य में दशहरे पर रावण बनाने वाले साहू परिवार के रुप में भी शहर से कस्बे तक है। कलाकार जितेंद्र कुमार साहू का परिवार तीन पीढ़ियों यानी पिछले 80 साल से रावण के पुतले बनाने का काम कर रहे हैं।

हर साल जितेंद्र साहू अपने छोटे भाई नंदलाल साहू के साथ दस सदस्यीय कलाकारों की टीम लेकर दशहरे के 5 दिन पूर्व रावण के पुतले बनाने के लिए दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर पहुंच जाते हैं। जितेंद्र के दादा बतौर शौक अपने गांव कुथरेल व आसपास के कुछ गांवों के लिए दशानन गढ़ते थे, जिसके बाद उनके पुत्र लोमन साहू को पिता से यह कला मिली। अब पिछले बीस साल से उनके पुत्र जितेंद्र व उनके भाई नंदलाल साहू हर साल विजयादशमी पर रावण के पुतले तैयार करते हैं। जितेंद्र साहू बताते हैं कि उन्हों ने रावण बनाने की कला अपने पिता से सीखी। इस साल भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश के कई शहरो व कस्बों के लिए करीबन सौ दशानन तैयार किए जा रहे हैं।

रावण के पुतले बनाने का काम काम जितना चुनौतीपूर्ण होता है उतना ही रोचक बी होता है। पुतलों का कठिनतम निर्माण करना तो श्रमसाध्य और जोखिमभरा है ही साथ ही बारिश, अंधड़, चोरी, आग और एक्सचेंज जैसी कई चुनौतियां इस दौरान होती हैं। इस साल विजयादशी के लिए 60 फीट से 80 फीट के दशानन तैयार किए गए हैं। भिलाई, दुर्ग, भिलाई तीन, राजनांदगांव, रायपुर, पाटन, कुथरेल, धमतरी व अभनपुर, बेमेतरा व बालोद आदि कई स्थानों के आर्डर मिले थे।



### वाटरप्रूफ से मदद पर काम श्रमसाध्य

आज से 40,50 साल पहले रावण के पुतले बनाने का काम अभी से कठिन था लेकिन सस्ता भी था। कलाकार नंदलाल साहू बताते हैं कि पिता कपड़ों, पैरा आदि से रावण बनाते थे लेकिन आज सिल्क के रंगीन कपड़े. बांस, पेपल व मजदूरी आदि आदि महंगी हो गई है। बांस से खपच्ची तैयार करने व मुखौटे बनाने व इसे फिट करने के काम में टीम वर्क व बहुत मेहनत की जरुरत होती है। रावण के कपड़े वाटरप्रूफ होने से अब बारिश में भीगने खराब या नुकसानी का खतरा कुछ कम हो गया है लेकिन बारिश में खुले मैदान में कारीगर काम नहीं कर सकते हैं। पेपर, सतरंगी शाटन कपड़े व बांस की खपच्चियों से पहले रावण का धड़ तैयार करेत हैं फिर डिलेवरी के दिन सर यानी मुखौटा फिट किया जाता है। इस दौरान क्रेन से हाईवा में शिफ्टिंग के समय गिरने से टूट फूट का खतरा बना रहता है। इसके पूर्व खुली वर्कशाप में आग, चोरी, वर्षा, अंधड़ व अदलाबदली की भी चुनौती होती है।



### दुर्ग में 60 फीट के रावण का होगा दहन

**दुर्ग।** भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परम्पराओं को दुर्ग शहर में यथावत बनाए रखने के लिए इस वर्ष भी 61 वां वर्ष राष्ट्रीय पर्व उत्सव समिति द्वारा रविशंकर स्टेडियम रावणभाठा में 2 अक्टूबर को लगभग 60 फीट रावण दहन एवं अनेकों आकर्षक आतिशबाजी का कार्यक्रम आयोजित है।

### नेहरू नगर में रावण दहन आज

**भिलाई।** नेहरू नगर दशहरा मैदान में वेलफेयर एंड दशहरा एसोसिएशन द्वारा 2 अक्टूबर को रावण दहन किया जाएगा। यह उत्सव का 19वां वर्ष है। शाम 7 बजे रावण दहन किया जाएगा। दशहरा पर्व की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### नहीं देखते जलते हुए भगवान की तरह पूजते हैं

रावण बनाने वाले कलाकार बताते हैं कि रावण बनाने का काम पुण्य के साथ रोजी रोटी से जुड़ा है। इसलिए हम रावण को आम लोगों की तरह राक्षस नहीं बल्कि भगवान की तरह मानते हैं। कलाकार नंदलाल साहू बताते हैं कि दशानन हमारे लिए भगवान की तरह है। हम रावण की पूजा करते हैं। इसकी वजह रावण के पुतले गढ़ने से हमारे व हमारे कारीगरों का परिवार पलता रहा है। कलाकार कृष्णा बताते हैं कि कई दिनों तक विपरीत हालतों में रावण के पुतले बनाते हैं लेकिन इनके जलने से दुख होता है। इसलिए हम कभी भी विजयाशमी के दिन रावण दहन नहीं देखते हैं। रावण बनाने वाले कलाकारों की टीम में प्रमोद साहू, चुम्मन ठाकुर, रविलाल, संदीप ढीमर व देवलाल आदि पिछले बीस साल से यह कलाकारी कर रहे हैं।

## जीएसटी : स्टिकर लगाकर व्यापारियों और ग्राहकों को किया जा रहा जागरूक



**भिलाई।** चेंबर ऑफ कामर्स द्वारा धन्यवाद मोदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीएसटी संशोधन के लिए आभार व्यक्त किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, चेंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी कार्यक्रम में शामिल हुए। भिलाई और दुर्ग के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने कहा कि जीएसटी संशोधन की घोषणा से प्रदेश के बाजारों में उत्साह का माहौल है। ग्राहक को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है वहीं व्यापारी भी गर्व का अनुभव कर रहा है। यह कदम प्रधानमंत्री के दूरदृष्टि और व्यापारी हितैषी दृष्टिकोण का प्रमाण है। महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि चेम्बर इस संशोधन के लाभ को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ता का लाभ, व्यापारी का गर्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक दुकान पर स्टिकर लगाकर ग्राहकों को जागरूक किया जा रहा है, जिससे व्यापारी भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाजारों में आज अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में दिलीप केशरवानी, मनोहर थदानी, चिन्ना राव, मनोज आहूजा, सुनील मिश्रा, ठाकुर गौतम सिंह, नवीन वरन्दानी, निरंकार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## विधायक ललित ने हेल्थ कैम्प में कराई बीपी-शुगर की जांच



**भिलाई।** चिरपोटी शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित विशाल स्वास्थ्य शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने स्वयं बीपी-शुगर की जांच कराई। साथ ही लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यकर्ताओं द्वारा ब्लड डोनेट किया गया। शिविर में कुल 106 मरीजों का जांच एवं दवाई वितरण किया गया।

ललित चंद्राकर ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर जैसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने में मदद मिलती है। साथी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी साझा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में शीतला ठाकुर, चंदू देवांगन, प्रवीण कुमार यदु, पार्षद लक्ष्मीनारायण साहू, संगीत रजक, सरपंच पूजा चंद्राकर, करगाडीह सरपंच करण कुमार सेन सहित अन्य मौजूद थे।

## आईआईटी के प्रोफेसर्स और स्टूडेंट्स ने सड़क की सफाई की



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई ने स्वच्छता ही सेवा 2025 और स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर एवं गेट 1 से जेवरा की ओर जाने वाले रोड पर श्रमदान कर सफाई की। संस्थान के सभी अध्यापक, कर्मचारी, विद्यार्थी और उनके परिजन इसमें अभियान में शामिल हुए। उन्होंने स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन नोडल ऑफिसर सचिन मिश्रा ने निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश के नेतृत्व में किया। स्वछता पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के दौरान बहुत सारे प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें जल संरक्षण, पेपर बैग, मिट्टी से पॉट इत्यादी का आयोजन किया गया। संस्थान ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि सतत प्रयाश एवं स्वच्छता को बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा पर्यावरण अनुकूल आचरण अपनाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ भारत निर्माण की प्रतिज्ञा के साथ हुआ।

महिला चेंबर का स्टील क्लब सेक्टर-8 में आयोजन, बारिश के बीच झूमकर थिरके भक्त

# स्वदेशी गरबा में उमड़ी भीड़, श्रद्धालुओं को मिला सोना और चांदी का इनाम, विजेता को मिली रेसर साइकिल

कार्नर न्यूज

भिलाई । महिला चेम्बर भिलाई द्वारा स्टील क्लब सेक्टर-8 भिलाई में स्वदेशी गरबा का आयोजन किया गया। यह गरबा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। गरबा में सभी ने उत्साह से मातारानी के चरणों मे अपनी अभिव्यक्ति गरबा के माध्यम से प्रस्तुत की। उत्साह इतना था भारी बारिश में ये अभिव्यक्ति नही रुक पाई। महिला चेम्बर अध्यक्ष सुमन कनौजे ने बताया कि छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई की महिला विंग द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य गरबा रास का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष स्वदेशी अपनाए इस बात का संदेश देने आयोजन को स्वदेशी गरबा का नाम दिया गया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से सांसद विजय बघेल, रजनी बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, बीजेपी के प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य मनीष पांडे, चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। महामंत्री सविता शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय गरबा भिलाई नगरी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।





### आकर्षक वेशभूषा में नजर आईं महिलाएं गरबा में जमकर थिरकीं

आयोजित गरबा उत्सव में महिलाएं आकर्षक वेशभूषा में नजर आईं। उन्होंने गरबा पर झूमकर नृत्य किया। हिंदी, गुजराती, पंजाबी, छत्तीसगढ़ी फिल्मी गीतों पर थिरकते नजर आईं। कार्यक्रम में डीआईजी मिलना कुर्रे, एएसपी सुरेशा चौबे, सीबीआई से पूजा पांडे, प्रभुनाथ बैठा, इंदरजीत सिंह छोटू, जेपी गुप्ता, निको ग्रुप के सीईओ दिलीप मोहंती, सरमद इमाम, पार्षद सत्या देवी जायसवाल, पायल जैन, डॉ. मानसी गुलाटी, पार्षद अभिषेक मिश्रा, ईश्वरी सहित अन्य मौजूद थे।

### विजेता किए गए सम्मानित सहयोगी हुए पुरस्कृत

इस अवसर पर गरबा के प्रतिभागी पुरस्कृत किए गए। गरबा प्रशिक्षण देने वाले ट्रेनर रुचि शर्मा, राज किशोर, उदिता तिवारी, दिव्या चंद्राकर को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में नागरा ब्रदर्स व भूमि जसवानी रहीं। मेगा पुरस्कर के रूप में सोने की अंगूठी, चांदी की पायल, रेसर साइकिल, गैस चूल्हा व ढेरों पुरस्कार वितिरित किए गए। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। महिला चेम्बर के पदाधिकारियों में प्रभारी सरोजिनी पाणिग्रही, संरक्षक गीता वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष रश्मि वर्मा, कार्यकारी महासचिव सुनीता सोनी, हरप्रीत कौर, जया शाह, पुष्पलता कर, लक्ष्मी शाह, राधिका यादव, अमिता जैन, प्रीति देशमुख, संजू साहू, मिन्नती रथ, सबिता नाहक, झुन्नू पात्रा सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा।

सिटी इवेंट

## मैहर मंदिर से निकली शोभायात्रा शारदा मंदिर में हुआ समापन





**भिलाई।** नवरात्र के अंतिम दिन महात्मा गांधी नगर स्थित मैहर मंदिर कैम्प -2 से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा लिंक रोड, जवाहर मार्केट, पावर हाउस होते हुए शारदा मंदिर सेक्टर-1 पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। इस दौरान गाजे-बाजे और माता के आराधना के बाद जस गायन की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। अलग-अलग वेशभूषा में माता के भक्त नजर आए। बता दें कि प्रतिवर्ष इस प्रकार का आयोजन किया जाता है। इस बार भी बड़े ही धूमधाम से यह शोभायात्रा निकाली गई।



स्पोर्ट्स लाइव

## सेल एथलेटिक्स अकादमी के कैडेट्स ने जीते पदक, सम्मान



**भिलाई।** जगदलपुर में छत्तीसगढ़ राज्य शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की सेल एथलेटिक्स अकादमी के पांच कैडेट्स ने 9 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक और 3 कांस्य पदक जीते हैं। विजेता खिलाड़ियों में देवानन्द साहू, आलोक कुमार सागर, पोषण लाल, विकास निषाद और प्रांजल यादव शामिल हैं। देवानन्द साहू ने 100 मी., 200 मी., 400 मी., 4100 मी. रिले और 4 गुना 400 मी. रिले स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए। आलोक कुमार सागर ने 800 मीटर में कांस्य पदक, 1500 मीटर और 3000 मीटर में रजत पदक तथा 4 गुणा 400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीता। पोषण लाल ने 100 मीटर में रजत, 200 मीटर में कांस्य और 4 गुणा 400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विकास ने 400 मीटर हर्डल्स में रजत और 4x400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीता. जबकि प्रांजल यादव ने 400 मीटर हर्डल्स में कांस्य और 4 गुणा 400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह सभी खिलाड़ी सेल एथलेटिक्स अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और साथ ही भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 में अध्ययनरत हैं। विद्यालय के प्राचार्य विजय सिंह पंवार ने पदक पहनाकर खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। एनआईएस प्रशिक्षक अनिरुद्ध खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

सिटी इवेंट

## हिंदी केवल राजभाषा नहीं देश की एकता का भी है प्रतीक



**भिलाई।** हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड में हिंदी पखवाड़ा सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी वंदना चौधरी ने किया। आंचलिक प्रमुखों ने सभी कार्मिकों को हिंदी का संकल्प पाठ कराया। हिंदी पखवाड़े के दौरान राजभाषा संगोष्ठी सभी विभागों में आयोजित की गई। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें अनुवाद कौशल प्रतियोगिता, हिंदी के रंग मुहावरों के संग, हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उमा शंकर मिश्रा, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग थे। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल राजभाषा नहीं, यह देश की एकता का प्रतीक है। उनके विचारों ने सभी को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की। अध्यक्षता आंचलिक प्रमुख निशीथ कांति दास ने की। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल कार्यालयीन कामकाज की भाषा नहीं है, बल्कि इसे हम अपने दैनंदिन जीवन में भी अपनाकर इसकी व्यापकता और प्रभाव को बढ़ा सकते हैं। उनके विचारों ने उपस्थितजनों को हिंदी के प्रति गहरी प्रेरणा प्रदान की। सलाहकार तकनीकी वीके शाह ने हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया।प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विजेताओं में अनुवाद कौशल प्रथम सुनी यादव, द्वितीय अनूप कुमार मिश्रा, तृतीय नीतू सोनी, हिंदी के रंग मुहावरों के संग में प्रथम-संघदीप वाहाणे, द्वितीय वर्षा संगोडे, तृतीय नागेन्द्र प्रसाद, हिंदी प्रश्नोत्तरी मं प्रथम-अनूप कुमार मिश्रा, द्वितीय-अंकित अग्रवाल, तृतीय-देबेश लाहा रहे।

● जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने निवास में कराया 1008 कन्याओं को भोजन

# शिक्षा से शक्ति और शक्ति से समाज, इसलिए बेटी पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ, हवन-पूजन के साथ ज्योत जंवारा का विसर्जन

**भिलाई।** नवरात्रि के पावन पर्व पर जब सम्पूर्ण देश माता रानी की उपासना और शक्ति की साधना में लीन था, उसी दिन जामुल में एक दिव्य और भावनाओं से परिपूर्ण आयोजन ने सबका हृदय जीत लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे ने अपनी आस्था, सेवा और संकल्प को जोड़ते हुए 1008 नव कन्याओं का पूजन व भव्य भोज कर न केवल धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाया बल्कि समाज में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण का अद्वितीय संदेश भी दिया। सुबह से ही वातावरण में भक्ति और उल्लास का संचार था। माता रानी के स्वरूप मानी जाने वाली इन नन्हीं बालिकाओं का आदरपूर्वक चरण धोकर पूजन किया गया। उन्हें माता का रूप मानकर सम्मानपूर्वक आसन पर बैठाया गया और पूर्ण श्रद्धा से भोजन कराया गया। 1008 मातृशक्तियों की सेवा की गई। साथ ही सेवा और शिक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नव कन्याओं और छोटे बच्चों को स्कूल बैग, वाटर बॉटल और स्टेशनरी सामग्री भेंट किया गया। पारंपरिक श्रृंगार भी किया गया, जिसमें ग्रामीण बच्चों और परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में आनंद और भक्ति का वातावरण बन गया। इस अवसर पर अहिवारा विधायक डोमनलाल कोसेवाड़ा, लाभचंद बाफना, पवन शर्मा, भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, लीमन साहू, जितेंद्र यादव, सतीश साहू, नटवर ताम्रकार आदि मौजूद थे।



### समाज में गूंजा बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ का संदेश



इस आयोजन से यह स्पष्ट संदेश गया कि बेटियां केवल परिवार का गौरव नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की वास्तविक शक्ति हैं। बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ के नारे को व्यवहारिक रूप में उतारते हुए बंजारे ने कहा कि शिक्षा और संस्कार का दीप हर घर में जलाया जाए तो समाज की दिशा और दशा दोनों बदल सकती हैं। भक्ति, सेवा और शिक्षा का यह संगम आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा कि समाज की सच्ची प्रगति तभी संभव है, जब बेटियों को सम्मान, शिक्षा और अवसर मिले।

### शिक्षा मंत्री गजेन्द्र हवन पूजन में हुए शामिल

**दुर्ग।** चैत्र नवरात्रि के नवमी पर मंत्री गजेन्द्र यादव विभिन्न दुर्गा पंडाल पहुँचे और हवन पूजन में आहुति डालकर शहरवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान खीर पूड़ी और खिचड़ी के भोग भंडारा में हाथ भी बंटाये। शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की समस्त देवी शक्ति का स्वरुप होती है। नौ दिन हम सभी ने माता की भक्ति की है, उसका आशीर्वाद मिलेगा। नवरात्रि के पावन पर्व में उन्होंने गंजपारा, सत्तीचौरा, भोईपारा, गाँधी चौक, ढीमरपारा, ग्रीन चौक, संगम चौक उरला, विराट नगर बोरसी सहित दुर्ग विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र में विराजित माँ दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन कर झांकी देखने निकले नागरिकों अभिवादन कर शक्ति और भक्ति के महापर्व नवरात्रि की शुभकामनायें दिए। इसके पूर्व महाअष्टमी की संध्या पर दुर्ग शहर के विभिन्न पंडालों में विराजमान मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं के दर्शन कर माता के चरणों में शीश नवाये। उन्होंने कहा की नवरात्रि के अवसर पर शहर में सजे पंडालों की छटा, भक्तिमय वातावरण और पारंपरिक सांस्कृतिक उत्सव हमारी सनातन परंपरा को दर्शाता है।



### परमेश्वरी मंदिर में हवन पूजन के बाद ज्योत जंवारा का विसर्जन



शारदीय (क्वांर) नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी को परमेश्वरी मंदिर में विशेष पूजा, हवन, महाआरती, कन्या पूजन, जोत-जवारा विसर्जन एवं भोग-भंडारा का आयोजन हुआ। प्रगति नगर रिसाली में दानदाताओं का देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई द्वारा सम्मान किया गया। नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी को परमेश्वरी मंदिर में प्रातः विशेष पूजा, हवन, महाआरती, कन्या पूजन, जोत-जवारा विसर्जन एवं भोग-भंडारा का आयोजन सम्पन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन एवं उनकी धर्मपत्नी सुमन देवांगन मुख्य यजमान थे। इस दौरान राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर अपने साथियों सहित उपस्थित हुए। इस अवसर पर नोहर सिंह देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, सत्यपाल देवांगन, संतकुमार देवांगन, प्रभारी राजू देवांगन, जोगेन्दर, बीरू, शिवनारायण मिश्रा आदि मौजूद थे।

### दुर्गा पंडाल गंजपारा में चढ़ा 56 भोग का प्रसाद, आज बंटेगी महाप्रसादी

**दुर्ग।** गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति द्वारा अष्टमी हवन पूजन कर मां जगदम्बा को 56 भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भक्तों को वितरण किया गया। महाआरती में मुख्य रूप से समिति के नवल अग्रवाल, सतीश कश्यप, शैलेश तिवारी, किशोर जैन, मुकेश राठी, आलोक तिवारी, रवि पिडीआर, विवेक मिश्रा, अमित यादव, राहुल साहू, राहुल दुबे, मनोज शर्मा मौजूद थे। महासचिव मनोज शर्मा ने बताया कि मां जगदम्बा की महाप्रसादी भंण्डारा का आयोजन कल दिनांक 2 अक्टूबर सुबह 11 बजे से होना है समिति समस्त नगरवासी को सादर आमंत्रित करती हैं।




आज विशाल भंडारा

## लाल मैदान पावर हाउस में ढोकरा शिल्प की 3 हजार मूर्तियों का पंडाल भक्तों को भा रहा







**भिलाई।** सुभाष नवयुवक जागृति समिति लाल मैदान पावर हाउस भिलाई का ढोकला आर्ट पंडाल भक्तों का आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। समिति के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, महामंत्री विजय सिंह और उपाध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि लॉस्ट-वैक्स तकनीक, पीतल-तांबे-कांसा जैसी धातु की मूर्तियों पर बारिक नक्काशी है ढोकरा आर्ट बस्तर छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उड़िसा, राजस्थान और मध्यप्रदेश में रहने वाले आदिवासियों के ढोकरा आर्ट ने देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। यह कला हमें और समाज को संदेश देती है कि प्रकृति और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए ही हमें अपनी संस्कृति को जीवंत बनाए रखना है। आगे बताया कि आज दोपहर कन्या भोज के बाद हवन किया जाएगा। 2 अक्टूबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक महा भंडारे का कार्यक्रम, शुक्रवार दोपहर 3 बजे माता रानी का विसर्जन किया जाएगा।

## जंवारा विसर्जन के लिए निकली शोभायात्रा इसके साथ ही माता प्रतिमा का विसर्जन शुरू



**दुर्ग।** मां सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाइन कसारीडीह में नवरात्र का पर्व पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। बुधवार को नवमी पर्व पर ज्वारा विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मंदिर से निकलकर आसपास के क्षेत्र का भ्रमण कर शीतला तालाब पहुंची, जहां पूरे विधि विधान के साथ ज्योत जवारा का विसर्जन किया गया। विसर्जन शोभायात्रा में झांकियां आकर्षण का केंद्र रही, वहीं शीतला माता के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंजयमान रहा। विसर्जन शोभायात्रा के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाप्रसादी ग्रहण करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे। इसके पहले मंगलवार को महाअष्टमी पर्व पर मंदिर में हवन पूजन किया गया। हवन पूजन में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पूर्णाहुति दी। शाम को माता स्वरूप कन्याओं को पूरे विधि विधान के साथ कन्या भोजन कराया गया। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान मां सतरूपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, सचिव प्रदीप देशमुख, उपाध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र धर्माकर, संयुक्त सचिव चंपा साहू, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य तामेश्वर यादव, पुष्पा श्रीवास आदि मौजूद थे।

### मां दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम शुरू, आज भी रहेगा जारी



**दुर्ग।** नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा प्रतिमा की नौ दिनों तक विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद नवमी पर्व पर बुधवार को प्रतिमा विसर्जन का क्रम शुरू हुआ। विभिन्न दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी व सदस्य मां दुर्गा की प्रतिमा लेकर गाजा बाजा के साथ सिविललाइन कसारीडीह स्थित शीतला तालाब पहुंचे।

विराट नगर में हुआ नौ कुंडीय हवन, कन्यापूजन के साथ महाभंडारा का आयोजन

# नौ दिनों तक माता की आराधना, शाम के समय गरबा-डांडिया, रंगोली व चित्रकला ने मनमोहा

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** नवरात्र पर्व के अवसर पर विराटनगर बोरसी में जन जागरण दुर्गोत्सव समिति द्वारा 22 सितंबर से आयोजन किया गया, जिसमें देवी स्थापना की गई। 9 दिनों तक भक्ति संध्या, नृत्य प्रतियोगिता,अजय शीतला परिवार अर्जुन्दा के द्वारा जस झांकी की प्रस्तुति, लोक संध्या मंडली रायपुर द्वारा पारंपरिक लोक नृत्य, गरबा प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला, मंत्रोच्चार प्रतियोगिता, सुआ नृत्य सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शारदीय नवरात्रि पर्व के अष्टमी को पूर्णाहुति हवन पूजन, कन्या पूजन एवं महा भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पूजन कर माता का महाप्रसाद ग्रहण किया। जन जागरण समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा एवं महासचिव महावीर साहू ने बताया कि यह आयोजन पाचवें वर्ष किया गया है। प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। शुभ मुहूर्त पर यज्ञ के साथ पूर्ण आहूति और महाआरती हुआ तदुपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।



### सेक्टर-4 गुजराती समाज द्वारा मंदिर में हवन पूजन और कन्या भोज का आयोजन



### वैदिक मंत्रों के बीच विधि-विधान से हवन-पूजन

इसी बीच शुभ मुहूर्त में आचार्य कृष्णार्जुन दुबे के सानिध्य पर माता की पूजा अर्चना एवं वैदिक मंत्रों के साथ माता की विशेष पूजा की गई। तदुपरांत हवन हुआ। पूर्णाहुति के बाद महा आरती की गई। इस नौ दिनों के दौरान प्रतिदिन जस गीत, गरबा नृत्य किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की उपस्थिति बनी रही विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर हवन पूजन किया गया। विसर्जन 2 अक्टूबर गुरुवार के दिन सुबह गाजे-बाजे के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर एडी टंडन, डॉ. केके पाटिल, साजन जोसेफ, पोषण लाल साहू, भोले राम साहू, भोज लाल हिरवानी, सुमति सिन्हा, महावीर साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### फावड़ा से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उतई।** पुलिस ने पुरानी रंजिश की विवाद को लेकर लोहे के फावड़ा से सिर पर प्राण घातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इंदिरा नगर उतई निवासी देवेंद्र कुमार यादव ( 27 ) ने आरोपी लेखराम कुर्रे के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने वारदा में इस्तेमाल लोहे का फावड़ा एवं अन्य सामग्री को जप्त की है। उक्त कार्यवाही में थाना उतई के निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव, सउनि सुरेश पाण्डेय एवं आरक्षक ध्रुव चंद्राकर, दिलीप सिदार, गिरधर वर्मा व थाना स्टाफ की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### महामाया मंदिर प्रांगण में आज होगा रावण दहन

**कुम्हारी।** महामाया मंदिर प्रांगण में रावण दहन का आयोजन 2 अक्टूबर की शाम को रखा गया है। माँ महामाया मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष नारायण वर्मा ने बताया कि इस वर्ष ट्रस्ट द्वारा 30 फीट के रावण का निर्माण कराया जा रहा है साथ ही लोगों के मनोरंजन के लिए आकर्षक आतिशबाजी की भी व्यवस्था की गई है। नगर का यह आयोजन वर्षों से आकर्षण का केंद्र रहा है।

### चिंगरी में आज राम लीला और रावण दहन

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में श्री राम नाट्य कला मंच के तत्वावधान में राम लीला भव्य आतिशबाजी के साथ 25 फीट का रावण दहन 2 अक्टूबर को होगा। राम लीला समिति के सदस्य विजय साहू, चन्द्रहास साहू ने बताया कि रात्रिकालीन 9:00 बजे भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया जायेगा। आस पास के ग्रामीण जनो से अपील हैं कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम का आनंद लेवें।

### यादव ठेठवार समाज की सामाजिक समरसता ओडिशा यात्रा 4 से

**पाटन।** यादव ठेठवार समाज प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में चतुर्थ सामाजिक समरसता ओडिशा यात्रा 4 अक्टूबर को सामाजिक ठेठवार भवन रायपुरा से सुबह 05 बजे निकलेगी। करीब 100 यात्रियों ने यात्रा के लिए पंजीयन कराया है। जिसमें पाटन राज ठेठवार यादव समाज के कई पदाधिकारी भी शामिल है। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य दूरस्थ अंचलों में निवासरत स्वजातीय जनों से भेट मुलाकात, सामाजिक रीति-रिवाजों, जीवन शैली भौगोलिक स्थिति की जानकारी आपसी संवाद शिक्षा रोजगार ,मार्गदर्शन परस्पर मेल मिलाप व सामाजिक सक्रियता लाना है। उक्त जानकारी शशिकांत यदु ने दी।

## निधन

### केदारनाथ सिंह



**भिलाई।** 6/ए, स्ट्रीट-5, सेक्टर-9, भिलाई निवासी केदारनाथ सिंह का निधन 1 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 अक्टूबर को निवास स्थान से सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राकेश सिंह के पिता थे।

### सुजीत कुमार सिंह



**भिलाई।** लक्ष्मी नगर रिसाली निवासी अधिवक्ता सुजीत कुमार सिंह 23 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रिसाली मुक्ति धाम में किया गया। वे श्रीराम सिंह के पुत्र, अजीत कुमार सिंह के छोटे भाई, रेखा सिंह की पति, आस्था एवं आयुषी के पिता तथा सुधीर कुमार सिंह के दामाद थे।




## महानवमी : बंगाली समाज ने मां दुर्गा की आराधना की, भंडारा आज

# पूजा-अर्चना कर ट्विनसिटी की सभी कालीबाड़ी में भक्तों को बांटी प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल रहा। नवमी के दिन बुधवार को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव अपने परिवार सहित शहर के विभिन्न कालीबाड़ी मंदिरों में पहुंचे और माता रानी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने माता से नगरवासियों के सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक ने माता के चरणों में दीप प्रज्वलित कर आरती की और भक्तिमय वातावरण में शामिल हुए। नवरात्र पर्व को भिलाई में विशेष रूप से मनाया जाता है। विभिन्न कालीबाड़ी एवं दुर्गा पंडालों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर विधायक यादव ने भक्तों के बीच पहुंचकर भक्ति भावना को साझा किया। वे विभिन्न स्थानों पर आयोजित भंडारे में भी शामिल हुए, जहां उन्होंने माता के भक्तों को महाप्रसाद अपने हाथों से वितरण किया।

### विधायक देवेंद्र शहर के अलग-अलग आयोजनों में हुए शामिल



### ज्योत जंवारा, प्रतिमा विसर्जन



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विनायकपुर में ज्योत जवारा देवी विसर्जन किया गया। यहां 6 जगहों पर माता विराजमान थीं और शीतला माता व माता मंदिर में ज्योत जवारा प्रज्ज्वलित किया गया। खिलेंद्र चंद्राकर ने बताया कि बरसते पानी में ज्योत जावरा देवी विसर्जन किया।

### महा अष्टमी पर कराया कन्या भोज का आयोजन



**अंडा।** राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू के मार्गदर्शन में महा अष्टमी अंतर्गत कन्या भोज का आयोजन ग्राम पंचायत अंडा के आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया गया जिसमें परियोजना अधिकारी उषा झा, पर्यवेक्षक रेखा लोनारे, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर ,सरपंच दिग्विजय सिंह ,उप सरपंच यशवंत बंजारे, पंच गोपाल साहू और युसूफ खान उपस्थित हुए। जनपद सदस्य ने कन्या के स्वास्थ्य और पोषण की ओर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों के हाथों कन्या एवं बच्चों को उपहार का वितरण किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तारिणी ढीमर, दीपिका चौहान, शकुन साहू, द्रौपदी तारक, उषा साहू, सहायिका गिरजा जोशीस धर्मिन टंडन, जुलेखा बेगम उपस्थित थे।

### नवमीं पर हवन-पूजन, सिंदूर खेला आज



**भिलाई।** वैशालीनगर कालीबाड़ी में नवरात्रि की महानवमीं पर बुधवार को सुबह से धार्मिक कार्यक्रमों का दौर जारी रहा। सुबह 7 बजे महानवमीं पूजा और 8 बजे पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। दोपहर 1 बजे श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद वितरित किया गया। नवमीं के दिन हवन-पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने उत्साह से भाग लिया। वहीं दशमीं के अवसर पर 2 अक्टूबर को सुबह 7 बजे महा दशमी पूजा, 8 बजे पुष्पांजलि और सुबह 11.45 बजे से सिंदूर उत्सव का आयोजन होगा।

### हुडको कालीबाड़ी में नवमीं पर विशेष पूजा, हवन



**भिलाई।** नवरात्रि की नवमीं पर हुडको कालीबाड़ी में धार्मिक माहौल देखते ही बन रहा था। दिनभर विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूजा के बाद भक्तों को भोग प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में महिलाओं और पुरुषों ने मिलकर योगदान दिया। कालीबाड़ी परिसर में सुबह से ही भक्तों का आना-जाना लगा रहा और श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की।

### हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में विधायक ललित चंद्राकर ने बांटा भोग



**भिलाई।** नवमीं के दिन बुधवार को हाऊसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में भक्तिभाव और सांस्कृतिक उत्साह का संगम देखने को मिला। दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं राज्य ग्रामीण तथा ओबीसी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर यहां पहुंचे और मां दुर्गा तथा मां काली की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उन्होंने श्रद्धालुओं को भोग भी वितरित किया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सौहार्द का प्रतीक है। नवमीं पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जॉय भट्टाचार्य, पौलमी चटर्जी और पार्थ बनर्जी ने सुमधुर गीतों से माहौल को और भी भक्ति रस से सराबोर कर दिया। इस मौके पर कालीबाड़ी दुर्गा पूजा एवं शिक्षा समिति की अध्यक्ष काजल चक्रवर्ती, महासचिव विद्युत चौधरी, अनुप घोष समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### चंदखुरी में पं. उपाध्याय की जयंती मनाई



**अंडा।** ग्राम चंदखुरी में सभी बूथ में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को अंत्योदय दिवस के रूप में तैलचित्र में पूजा अर्चना कर मनाया गया। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम लगाया गया। कार्यक्रम में बिरेंद्र साहू पूर्व विधायक गुंडरदेही, प्रभारी राजू चंद्राकर, सुशील देवांगन बुथ अध्यक्ष, खेमलाल चंद्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष, भूपेन्द्र साहू भाजयुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य,जनपद सदस्य गोपाल यादव, हेमलता देशमुख पूर्व सरपंच, नूतन निर्मलकर मंडल उपाध्यक्ष, डोमन चंद्राकर अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, मनी निषाद बुथ अध्यक्ष, मन्नुलाल चंद्राकर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, पोषण देवांगन बुथ अध्यक्ष, त्रिवेणी देवांगन भाजपा मंडल कार्यकारिणी सदस्य, धर्मेंद्र देशमुख रमाकांत देशमुख, कृष्णा देवांगन, मोहित चंद्राकर एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भुनेश्वरी का सपना इंटरनेशनल मेडल और स्पोर्ट्स टीचर बनने का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



खेल की दुनिया में सफलता पाना आसान नहीं होता। इसके लिए सालों की मेहनत, त्याग और अनुशासन की जरूरत पड़ती है। इसी राह पर चलकर गांधी चौक सेलुद निवासी 28 वर्षीय खिलाड़ी भुनेश्वरी ठाकुर ने अंचल का नाम रोशन किया है। स्व. लतेलू राम ठाकुर और माता जाना बाई की बेटी भुनेश्वरी ने अब तक 10 राज्य स्तरीय स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीती है और कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दमखम दिखाकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। भुनेश्वरी ने 11 वर्ष की उम्र से खेलना शुरू किया। उनके लिए खेल केवल शौक नहीं बल्कि जिंदगी का मकसद बन गया। वर्ष 2011-12 में गुवाहाटी (असम) से शुरू हुई उनकी राष्ट्रीय स्पर्धा की यात्रा 2014-15 में जबलपुर तक पहुंची। फिर 2016-17 में राष्ट्रीय सीनियर स्पर्धा आंध्र प्रदेश, 2017 में जम्मू-कश्मीर और 2018 में मध्य प्रदेश तक जारी रही। हर बार उन्होंने अपने प्रदर्शन से न सिर्फ अपनी बल्कि छत्तीसगढ़ की पहचान भी बनाई।

अपनी सफलता का श्रेय भुनेश्वरी अपने कोच को देती हैं। उन्होंने कहा कि केशव पुरी गोस्वामी मेरे मार्गदर्शक हैं। उनकी मेहनत और मार्गदर्शन ने ही मुझे आज की स्थिति तक पहुंचाया। आज मैं जो कुछ भी हूँ यह उनके कारण ही संभव हुआ है। भुनेश्वरी युवा खिलाड़ियों को संदेश देती हुई कहती है कि किसी भी खिलाड़ी को एक खेल को चुनकर उसी पर फोकस करना चाहिए। कई खेलो में भाग्य आजमाने से लक्ष्य अधुरा रह जाता है। लेकिन अगर आप एक खेल और अनुशासन के साथ मेहनत करेंगे तो सभी मुकाम हासिल कर सकते हैं। इसी जिद, अनुशासन और लगन उन्हें एक खास मुकाम तक ले गई है।

भुनेश्वरी मानती हैं कि अब तक की जीत उनके सफर की शुरुआत भर है। उनका कहना है कि सबसे बडी ख्वाहिश है कि वह इंटरनेशनल लेवल मेडल जीतकर अपने देश का नाम रोशन कर सके।

### जिला पंचायत दुर्ग में अनियमितता की शिकायत, जांच की मांग

**उतई।** दुर्ग जिले के जनपद सदस्य ढालेश साहू ने जिला पंचायत दुर्ग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 84, 88 एवं 89 के तहत उच्चस्तरीय स्वतंत्र जांच की मांग की है। उन्होंने यह ज्ञापन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव को सौंपते हुए कहा कि जिला पंचायत दुर्ग और उसकी अधीनस्थ इकाइयों में लगातार भेदभाव, मनमानी, फर्जीवाड़ा और वित्तीय अनियमितताएँ देखने को मिल रही हैं, जिससे पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता और जनप्रतिनिधियों के अधिकारों पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। ढालेश साहू ने विशेष रूप से बताया कि 15वें वित्त आयोग की राशि का वितरण अत्यंत भेदभावपूर्ण और मनमाना किया जा रहा है। निर्वाचित 24 जनपद सदस्यों में से 11 सदस्यों को योजनाओं और वित्तीय निर्णय प्रक्रिया में समान अवसर नहीं दिया गया। यह न केवल पंचायत शासन की मूल भावना समानता, भागीदारी और पारदर्शिता का उल्लंघन है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है। साहू ने आगे कहा कि जनपद पंचायत दुर्ग को वर्ष 2025–26 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 2306 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, परंतु अब तक एक भी आवास स्वीकृत नहीं किया गया। यह स्पष्ट करता है कि जिला पंचायत अपने अधीनस्थ जनपद पंचायतों की निगरानी में असफल रही है और योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरती गई है।




### औरी विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए नेवता भोजन में

**जामगांव आर।** प्रधानमंत्री शक्ति पोषण योजना अंतर्गत सेजस बेलहारी प्राचार्य वाई के साहू ने अपनी पुत्री की रचिता साहू के जन्म दिवस पर निवास ग्राम औरी के प्राथमिक शाला में नेवता भोज का आयोजन किया। अपनी धर्म पत्नी भानुप्रिया और पुत्र हर्षवर्धन के साथ स्कूल पहुंचकर उन्होंने स्नेह सम्मान पूर्वक बच्चो को भोजन कराया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विष्णु प्रसाद साहू ,विधायक प्रतिनिधि द्वारिका प्रसाद साहू , ममता धीवर, मोगरा यादव , मंगलवती विश्वकर्मा पालक एवं प्रतिनिधि गण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## क्वांर नवरात्रि पर मनाई गई दुर्गोत्सव



अंडा। सार्वजनिक दुर्गाउत्सव समिति बाढा चौक अछोटी।



अंडा। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति भानुपुरी।



अंडा। जय भोले दुर्गा समिति केनाल पारा चंदखुरी।



उतई। जय अबे ट्रस्ट दुर्गा उत्सव समिति वार्ड क्र.01 इंदिरा नगर उतई

## अंचल की खबरें

### हिंदी पखवाड़ा में लगाई पुस्तक प्रदर्शनी



**उतई।** केंद्रीय विद्यालय, सी. आई. एस. एफ. भिलाई में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य भुबनेश्वरी ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि विकसित करना और उन्हें विविध विषयों का ज्ञान प्रदान करना था। हिंदी पखवाड़ा के इस सुअवसर पर आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों में पठन-पाठन के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया। इस कार्यक्रम की संयोजिका पुस्तकालयाध्यक्षा रीना साहू थीं।धन्यवाद ज्ञापन अनिल कुमार शर्मा प्रस्तुत किया। इस प्रदर्शनी में रूना चौधरी, गीतू, सुनीता गावांडे , सोमा शील गुहा, शैलेश बेंजामिन, ए. बी सिंह, डॉ पंकज शुक्ला, रीना साहू, डी. के. ठाकुर, डी. ए. गिरिया, उमेश कुमार संत, माधुरी, आशीष, मयंक कुमार मिश्रा, कल्पना शर्मा, सीमा विश्वकर्मा, राजन शर्मा,जानकी सिन्हा, सुश्री श्वेता भट्ट, ममता साहू, चंद्रकांत साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में स्वच्छता समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के महत्व के प्रति आमजन को जागरूक कर नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर बी.एससी. बी.एड. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने नशा उन्मूलन एवं स्वच्छता संदेश पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित नागरिकों ने सराहा। विद्यार्थियों ने अपने प्रस्तुतीकरण से यह स्पष्ट किया कि स्वच्छ और नशामुक्त समाज ही स्वस्थ एवं प्रगतिशील राष्ट्र की नींव है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। रैली के माध्यम से नागरिकों में स्वच्छता और नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

### बोरी लिटिया मंडल ने मनाई पं उपाध्याय की जयंती



**धमधा।** भारतीय जनता पार्टी बोरी लिटिया मंडल द्वारा शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। मुख्य अतिथि दुर्ग जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा उपस्थित थे। साथ ही मंडल अध्यक्ष बीरबल पटेल, जिला पंचायत विधायक प्रतिनिधि कृष्णा पटेल, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष संजय कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष मनीष साहू, मंडल महामंत्री सूरज देशमुख, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिनेश पटेल, युवा मोर्चा महामंत्री राहुल उमरे और सेवा पखवाड़ा संयोजक राजेंद्र पटेल सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और उनके एकात्म मानववाद दर्शन पर प्रकाश डाला।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बिजली नगर में विजय दशमी पर रावण दहन आज

**भिलाई।** सार्वजनिक विजय दशमी उत्सव समिति भिलाई तीन बिजली नगर कालोनी द्वारा 2 अक्टूबर गुरुवार को विजय दशमी का पर्व मनाया जाएगा। समिति अध्यक्ष सुजीत बघेल व सचिव सतीश धुरंधर ने बताया कि मुख्य अतिथि पूर्व सीएम भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता महापौर भिलाई-चरोदा निगम निर्मल कोसरे करेगें। विशेष अतिथि कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर है। संयोजक मनीष बंछोर है। इस दौरान काकीनाडा की भव्य आतिशबाजी शाम 6 बजे से होगी। रामलीला का भी मंचन होगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण दहन कार्यक्रम बेहतर होगा।

### आदेश : आज मीट-मछली की दुकानें रहेंगी बंद

**दुर्ग।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन शहर के सभी मीट, मुर्गा और मछली की दुकानें बंद रहेंगी। इसकी बिक्री करते पाए जाने पर दुकानदार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। 2 अक्टूबर गांधी जयंती में नगर निगम शहर सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा व दुर्गेश गुप्ता ओर स्वास्थ्य विभाग टीम अमला को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जुर्माना करने के निर्देश दिए हैं।

### रजत जयंती पर आयोजन 6 से 12 तक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर कौशल विकास विभाग द्वारा विशेष सप्ताह निर्धारित करते हुए 06 से 12 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

# जिले में किसान प्रमाणित बीज ही खरीदें, शासन ने कराया है भंडारण

## कृषि स्थायी समिति के सभापति और सांसद प्रतिनिधि ने बीज केन्द्र का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले में स्थित बीज प्रक्रिया केन्द्र रुआबांधा का कृषि स्थायी समिति, जिला पंचायत दुर्ग के सभापति नीलम चंद्राकर एवं सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने रबी में भंडारित होने वाले चना बीज की पैकिंग प्रक्रिया, विभिन्न गोदामों में भंडारित गेहूं, चना, तिवड़ा, सरसो, अलसी, कुसुम आदि के संशाधित, पैक्ड बीज की भौतिक स्थिति, खरीफ 2025 में पंजीकृत कृषकों एवं रकबा की जानकारी, रबी 2025 में जिले में भंडारित होने वाले बीजों का लक्ष्य, उपलब्धता, कमी, अधिकता विषयों पर चर्चा की।



### रबी बीज का किया जाएगा भंडारण

इस अवसर पर रबी 2025 में बीज भंडारण का शुभारंभ हेतु हरी झण्डी दिखाकर बीज निगम वाहन को रवाना किया गया। जिसके द्वारा विकासखंड धमधा की समिति में रबी बीज चना, सरसो एवं तिवड़ा का भंडारण किया जाएगा। बीज निगम की विभिन्न गतिविधियों, संचालन व्यवस्था, रबी बीज उत्पादक कृषकों के अंतिम भुगतान की स्थिति के बारे में बीज प्रबंधक एस. के. बेहरा द्वारा विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस अवसर पर बीज निगम के समस्त कर्मचारीगण, जिले के कृषक एवं बीज प्रक्रिया केन्द्र में कार्यरत मजदूरों की सक्रिय भागीदारी रही।

जिले के उप संचालक कृषि संदीप भोई द्वारा रबी में प्रस्तावित बीज उत्पादन कार्यक्रम एवं विभिन्न बीजों के भंडारण कार्यक्रम प्रस्तावित विभागीय योजनाओं के अंतर्गत फसल प्रदर्शन से अवगत कराया गया।

सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर ने खरीफ में विभिन्न कृषकों के प्रक्षेत्र में ली गई बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत सभी फसलों का समय पर यथासंभव बीज प्रमाणीकरण संस्था एवं कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों द्वारा समय-समय पर कृषकों को उचित मार्गदर्शन प्रदाय किये जाने की बाते कही। ताकि खरीफ में जिले हेतु उच्च गुणवत्ता का पर्याप्त मात्रा में सभी फसलों के बीज उपलब्ध हो सके।

## मान्यता यूनियन चुनने के लिए तीन महीने के बाद भी प्रक्रिया जस की तस

# गुप्त मतदान से चुनाव के लिए प्रबंधन पर बनाया दबाव, जीएम से मिला सीटू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव के लिए यूनियनों ने फिर से दबाव बनाना शुरु कर दिया है। विलंब से कर्मियों की परेशानियों से अवगत कराते हुए प्रबंधन से चुनाव प्रक्रिया तेज किए जाने की मांग की है। पिछली मान्यता यूनियन का कार्यकाल एक साल पहले समाप्त हो चुका है।

यूनियन ने महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध विभाग से मुलाकात कर कार्यपालक निदेशक के नाम पर पत्र देकर बताया कि पिछली मान्यता यूनियन का कार्यकाल समाप्त हुए एक साल बीत चुका है । मान्यता यूनियन चुनने के लिए गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता की जांच करने के लिए तीन महीना पहले प्रक्रिया शुरू होने के बाद भी अभी स्थिति जस की तस है। जल्द मान्यता यूनियन चुनने प्रक्रिया को तेज की जाए। सीटू नेताओं ने कहा कि प्रबंधन ने चुनाव के संदर्भ में जारी किए गए पत्र को सभी यूनियनों को दे दिया है। लेकिन उस पत्र के जवाब में कई यूनियनों ने आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किये हैं। इसी बीच और तीन महीना बीत गया है । विलंब से कर्मियों की कई अहम समस्याओं पर चर्चा व समाधान नही हो पा रहा है। सीटू ने बताया कि ने प्रबंधन ने आश्वस्त किया है कि प्रबंधन गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच करवाने के पक्ष में है। जल्द ही गुप्त मतदान के प्रक्रिया में प्रगति नजर आएगी। सीटू चुनावी दस्तावेज जमा कर चुका है। अन्य यूनियनें भी चुनाव के लिए दबाव बनाएं।

### 24 सितंबर 2024 को सीटू दिया था गुप्त मतदान करवाने के लिए पत्र



### गुप्त मतदान के लिए यूनियनें दिखाएं एकजुटता

सीटू ने सभी यूनियनों से कहा कि गुप्त मतदान की प्रक्रिया को तेज करने प्रबंधन पर दबाव बनाया जाना चाहिए ताकि वोट देने के संवैधानिक अधिकार को सुरक्षित करते हुए कर्मियों के पसंद के यूनियन को मान्यता में लाया जा सके। प्रबंधन ने 16 जून यूनियनों को सूचित किया था कि गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच करने के संदर्भ में यूनियनों से सहमति पत्र के साथ अन्य आवश्यक संलग्नक एवं दस्तावेज जमा करने के संदर्भ में आवश्यक पत्र जारी किया गया है। इन दस्तावेजों को प्रबंधन द्वारा प्राप्त पत्र के 15 दिन के भीतर जमा करना था इस संदर्भ में सीटू ने 17 जून को ही यूनियन सहमति पत्र, विधान की प्रतिलिपियां वार्षिक विवरण की प्रतिलिपियां एवं यूनियन का पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रतिलिपियां सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों को औद्योगिक संबंध विभाग प्रबंधन को सौप दिया था।

# अशासकीय कार्यालयों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पीओएसएच एक्ट के तहत समिति का गठन अनिवार्य

**भिलाई।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले के सभी अशासकीय कार्यालयों, संस्थाओं, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सर्व प्रमुख को महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 (पीओएसएच) के क्रियान्वयन के सबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं।

- एक्ट का पालन न करने पर लगेगा 50 हजार का जुर्माना

इसके अंतर्गत ऐसे समस्त अशासकीय कार्यालय जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां पीओएसएच एक्ट 2013 के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति का गठन किये जाएंगे। पीओएसएच एक्ट 2013 के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति के गठन का आदेश जारी करने की जिम्मेदारी कार्यस्थल के प्रत्येक नियोक्ता की होगी। एक सप्ताह के भीतर आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर आदेश की कॉपी एवं निर्धारित प्रारूप में अद्यतन जानकारी कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-दुर्ग को हॉर्ड या सॉफ्ट कॉपी प्रेषित करने कहा गया है। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के निर्देश पर यह आदेश जारी किया गया है। अधिनियम की धारा-26 के अनुसार संबंधित कार्यालय को 50 हजार रुपये तक के जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।

# विवाद के बाद फावड़े से हमला, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

शराब पीने को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी ने लोहे के फावडे से सिर पर हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर उतई निवासी देवेंद्र कुमार यादव मजदूर है। 30 सितंबर की रात इंदिरा नगर चौक स्थित दुर्गा पंडाल में प्रसाद बांट रहा था। तभी शौच के लिए बिल्डिंग के छत पर गया। जहां पीछे से आरोपी लेखराम कुर्रे अचानक पहुंचा और गाली गलौज कर जान से मारने की दमकी देकर लोहे के फावड़े से देवेंद्र के सिर पर हमला कर दिया। हमले के बाद देवेंद्र गंभीर हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल पहुंचाया गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी लेखराम को दबिश देकर डूमरडीह से पकड़ा गया। आरोपी से फवडा जब्त किया गया।

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लिए हुए वॉकथॉन में सीमा सुरक्षा बल के जवान हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सामरिक मुख्यालय महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ द्वारा आज एक भारत, श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत वॉकथॉन का आयोजन किया गया। आयोजन में गिरधारी लाल मीणा, उप महानिरीक्षक पीएसओ उपस्थित थे।

इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारीयों, अधीनस्थ अधिकारीयों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वॉकथॉन राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने, सांस्कृतिक विविधता में एकता की भावना को प्रोत्साहित करने और नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया गया था। वॉकथॉन सामरिक मुख्यालय परिसर से शुरु होकर साईं मंदिर चौक, रिसाली चौक, डीपीएस चौक एवं एसएसबी क्षेत्रीय मुख्यालय से होते हुए वापस सामरिक मुख्यालय परिसर में संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का प्रसार किया। सीमा सुरक्षा बल न केवल नक्सल विरोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, बल्कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत जैसे राष्ट्र को जोड़ने वाले सामाजिक एवं सांस्कृतिक अभियानों को भी समान समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ आयोजन कर रहा है।

# प्लेट मिल में डिस्पैच एफिशिएंसी पर समाधान परफॉरमेंस इम्प्रूवमेंट वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन- ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्र में बिना विलंब शुल्क (पेनाल्टी) के 5000 टन से अधिक दैनिक प्लेटों की डिस्पैच प्राप्ति विषय पर परफॉरमेंस इम्प्रूवमेंट वर्कशॉप (पीआईडब्ल्यू) का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि सीजीएम एमके गोयल थे। विशिष्ट अतिथि के सीजीएम प्रवीण राय भल्ला, राहुल श्रीवास्तव तथा जीएम प्रभारी गोपीनाथ मलिक उपस्थित थे। कार्यशाला में प्लेट मिल, टी एंड डी, आरसीएल, पीपीसी, विपणन, डिस्पैच कोआर्डिनेशन,मार्केटिंग तथा एसआरएम/सीएमओ-भिलाई कार्यालय सहित विभिन्न विभागों से 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन्हें



अलग-अलग सिंडिकेट समूहों में विभाजित कर समय पर डिस्पैच में आने वाली चुनौतियों जैसे रेक रिटेंशन समय, शिपिंग यार्ड में जगह की कमी, प्लेट डेटा में विसंगतियां, प्लेटों की विविधता, विशेष प्लेटों का प्रोसेसिंग, आरडीएसओ द्वारा नए स्ट्रैपिंग नियम और वैगन-संबंधी एडजस्टमेंट पर विचार-विमर्श कराया गया।

श्री गोयल ने विश्वास व्यक्त किया कि कर्मचारियों की सामूहिक प्रतिबद्धता और प्रयासों से 5000 टन दैनिक प्रेषण का लक्ष्य अवश्य प्राप्त किया जा सकता है। प्रवीण राय भल्ला ने कहा कि सामूहिक प्रयासों व चिंतन से हर चुनौती का समाधान निकलता है।

# कॉलेज में विद्यार्थियों ने लिया स्वच्छता एवं साक्षरता का संकल्प

## विश्वनाथ यादव तामस्कर कॉलेज में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजनाइकाई के स्वयंसेवकों द्वारा 'सेवा पखवाड़ा 2025' के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

- विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने की ली शपथ

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल परिसर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि प्रत्येक छात्र को अपने ग्राम एवं मोहल्लों में भी स्वच्छता का संदेश देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को महाविद्यालय को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर भी सभी स्वयंसेवकों को समाज में साक्षरता का प्रसार करने और सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्राचार्य द्वारा शपथ दिलाई गई। स्वच्छता अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर स्थित विवेकानंद पार्क में छात्रों ने फैले हुए प्लास्टिक बोतल, रैपर, कचरे आदि एकत्र कर कूड़ेदान में डाला और पार्क को स्वच्छ बनाया।



## शारदीय नवरात्रि नवमी पर निगम ने किया विशेष पौधरोपण

# अनोखी आस्था : माता के 9 रूपों के नाम से रोपे गए पौधे, सहेजने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

शारदीय नवरात्रि के अंतर्गत नवमी के अवसर पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर के ठगड़ा बांध क्षेत्र के पास ओवरब्रिज के नीचे आयोजित हुआ। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, प्रभारी काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, लीलाधर पाल, संजय अग्रवाल, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, गौतम साहू सहित जनप्रतिनिधियों एवं निगम अधिकारियों ने मिलकर 9 प्रकार के छायादार पौधे लगाकर नवमी पर्व को हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ा।

- महापौर अलका बाघमार ने लगाया नीम का पौधा

कार्यक्रम के दौरान महापौर अलका बाघमार ने नीम का पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि नीम का पेड़ स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए उपयोगी है और इसे लगाने से आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और औषधीय लाभ मिलेगा। वहीं, आयुक्त सुमित अग्रवाल ने पीपल का पौधा रोपकर यह संदेश दिया कि पीपल का पेड़ न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी अत्यंत सहायक है।

### माता के 9 रूपों की आस्था से जोड़ा पौधा रोपण

नवमी के अवसर पर माता के नौ रूपों की आस्था के प्रतीक स्वरूप कुल 9 प्रकार के पौधे लगाए गए, जिनमें नीम, पीपल, अमलतास, बरगद, गुलमोहर, कचनार, अशोक, करंज और बेल के पौधे शामिल थे। सभी पौधे छायादार और दीर्घायु वृक्ष हैं, जो भविष्य में इस क्षेत्र को हराभरा और प्रदूषण मुक्त बनाने में योगदान देंगे।



### पौधा रोपण एक परंपरा नहीं बल्कि जिम्मेदारी

महापौर अलका बाघमार ने इस अवसर पर कहा कि पौधारोपण केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो शहर और समाज को हरा-भरा बनाने में कोई कठिनाई नहीं होगी। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि आज पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं सामने हैं, जिनका हल केवल अधिक से अधिक वृक्षारोपण और उनकी सुरक्षा से ही संभव है।

# जिला सहकारी बैंक के सीईओ जोशी हुए सेवानिवृत



**भिलाई।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसके जोशी सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक प्रधान कार्यालय दुर्ग के पं.रत्नाकर झा सभा भवन में बैंक अधिकारियों एवं कार्यक्रम में आए अतिथि रमाकांत द्विवेदी पूर्व संचालक, आरडी देशलहरा अध्यक्ष सतनाम भवन भिलाई, एनआर दिलहरे, पल्लव धुरंधर, कुणाल सिंह उपस्थित थे। उन्होंने जोशीी के 43 वर्ष की बैंक सेवा के दौरान किए गए कार्यो की सराहना करते हुए उनकी सुखी एवं दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। जोशी को अधिकारी और कर्मचारियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर बैंक अधिकारी हृदेष शर्मा, एसके निवसरकर, कुसुम ठाकुर, कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष रोहित वर्मा, अधीक्षक केके नायक धीरेन्द्र देवांगन, एएस खान, एसपी वाहने सहित अन्य मौजूद थे।


बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व
विजयदशमी
की हार्दिक शुभकामनाएं



एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
दशहरा
डॉ. दीपक वर्मा
डायरेक्टर एवं आर्थोपेडिक सर्जन
डॉ. संजय गोयल
डायरेक्टर, एनेस्थीसियोलॉजिस्ट एवं इंटेंसिविस्ट
Deepak Advts.
Contact : 0788-4252222, 62691 62691
For Emergency Call: 72250 59701


बुराई पर अच्छाई का जीत का महापर्व
विजयदशमी की
हार्दिक शुभकामनाएं...
शुभ दशहरा
ज्ञान प्रकाश दांडेकर
(बी.ई,एल.एल. बी )
अधिवक्ता-सुप्रीम कोर्ट
SCBA No: D-00201/OS
मो.: 98271-93884


विजयादशमी का पर्व अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है।
इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर धर्म की स्थापना की थी।
सभी भिलाई-दुर्ग वासियों को
विजयादशमी पर्व
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
अशोक राठी
जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी
अध्यक्ष- श्री माहेश्वरी पंचायत, दुर्ग
प्रदेश मंत्री- छ.ग. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज दुर्ग जिला इकाई
कार्यकारिणी मंडल सदस्य- अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा


सभी भिलाई-दुर्ग वासियों को
विजयादशमी पर्व
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
डॉ. जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता
अध्यक्ष
उद्योग चेम्बर भिलाई
छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स, भिलाई


विजयादशमी का पर्व अच्छाई की
बुराई पर जीत का प्रतीक है।
इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण
का वध कर धर्म की स्थापना की थी।
देशभर में रावण-दहन और शक्ति
पूजन का आयोजन होता है।
यह पर्व हमें सत्य, साहस और
धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।
सभी भिलाई-दुर्ग वासियों को
विजयादशमी पर्व
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
NARENDRA KUMAR BANCHOR
Working President-National Confederation of Officers Association
Chairman-Steel Executives Federation of India
President-Offiers Association BSP


उपहारों की बरसात
कांती ज्वेलर्स
डायमंड | सोना | चांदी | राशि | रत्न
17 वर्षों से आपकी सेवा में इस दीवाली खुशियां मनायें हमारे संग...
22 सितम्बर 2025 से 25000/- की खरीदी पर पायें लक्की ड्रॉ कूपन
दिवाली धमाका ऑफर
2025-26
ड्रा खुलने का दिनांक 01/01/2026
1st
कांती ज्वेलर्स चांदनी चौक, कोहका भिलाई
रवि सोनी 9691422333